(ग) अन्य बातों के साथ-साथ लम्बित विवादों का तेजी से निपटान करने के लिए की जाने वाली कार्रवाई निम्नानुसार है :—

(i) संराधन तंत्र को बेहतर एवं सुदृढ़ बनाना ताकि अधिकांश मामलों को संराधन स्तर पर ही निपटाया जा सके ;

(ii) श्रम न्यायालयों एवं औद्योगिक अधिकरणों के पीठासीन अधिकारियों के रिक्त स्थानों को शीघ्रता से भरना ;

(iii) जहां आवश्यक हो, अतिरिक्त श्रम न्यायालों एवं औद्योगिक अधिकरणों की स्थापना ;

(iv) जहां कहीं संभव हो, लोक अदालतें आयोजित करना ।

देश में माप-तोल केन्द्रों की स्थापना

*307. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितने माप-तोल केन्द्र स्थापित किए गए हैं जहां माप-तोल विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है ;

(ख) क्या ऐसे केन्द्र अन्य राज्यों के साथ-साथ मध्य प्रदेश में भी स्थापित किए जाएंगे ; और

(ग) क्या सरकार ने प्रभावी एवं त्वरित जांच के लिए उन्हें वाहन तथा उपकरण उपलब्ध कराने हेतु सब डिवीजन एवं जिला स्तर पर चलती-फिरती प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए राज्यों को सहायता देने की कोई योजना तैयार की है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री ए. के. एंटनी) : (क) रांची में स्थित भारतीय विधिक माप-विज्ञान संस्थान, एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान है, जो बाट तथा माप विभाग के अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित किया गया है ।

(ख) ऐसा कोई प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है ।

(ग) जी नहीं । राज्य सरकारें अपने राज्यों में बाट तथा माप एककों के विकास के लिए, विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं को अपनी राज्य योजनाओं में शामिल करके, निधि योजना आयोग से मांग सकती है ।

Farm exports

*308. SHRI V. HANUMAN-THA RAO: Will the Minisrer of COMMERCE be pleased to seat

(a) whether Government propose to encourage farm exports;

(b) if so, what are the main farm and agricultural products selected from Andhra Pradesh to be given priority; and

(c) if so, what are the stops to be taken to increase farm exports of the above crops?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES CONSUMER AFFAIRS & PUBLIC DISTRIBUTION AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a) Yes Sir.

(b) The policies of the Government have all India applicability which can be utilised by growers/ exporters from Andhra Pradesh also. Tobacco, Cotton, Mangoes, Grapes, Chillies and Non-Basmati Rice are important products from Andhra Pradesh which have export potential.

(c) Government attaches special importance to the growth of expect